# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 26 September 2026


## सोने की कीमतों मे फिर उछाल, 24 कैरेट का रेट 1 लाख के पार ; जाने आपके शहर मे क्या है आज का भाव ।


Publisher



Published on 20 Jun 2025




## अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों मे स्थिरता से सोने को मिला सपोर्ट, लगातार तीसरे दिन सोने की कीमतों मे तेज़ी ।

**ग्लोबल घटनाओं का असर, भारत मे सोने की कीमतों मे भारी उछाल**

**Gold News Update:** दुनिया भर में चल रहे **भू-राजनीतिक तनाव, डॉलर की अस्थिरता** और **वैश्विक अनिश्चितताओं** के बीच सोने की कीमतें फिर से रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। **अमेरिकी फेडरल रिजर्व** द्वारा ब्याज दरों को **4.25-4.50 प्रतिशत** पर स्थिर रखने का निर्णय भी इस तेजी का मुख्य कारण रहा है।

गुरुवार को भारत में **24 कैरेट सोने का भाव 1,01,090 रुपये प्रति 10 ग्राम** तक पहुंच गया है, जो अब तक का एक अहम स्तर है। **22 कैरेट का भाव 92,660 रुपये** और **18 कैरेट सोना 75,820 रुपये प्रति 10 ग्राम** है।

**निवेशकों के लिए संकेत : क्या अभी सोना खरीदना सही है ?**

विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितता और मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण निकट भविष्य में सोने की कीमतों में और तेजी देखने को मिल सकती है। यह समय लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए फायदेमंद हो सकता है, लेकिन छोटी अवधि के निवेशक सतर्क रहें।

**शहरवार सोने की कीमते (आज के भाव – प्रति 10 ग्राम)**

| शहर | 24 कैरेट | 22 कैरेट | 18 कैरेट |
| --- | --- | --- | --- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | ₹1,01,220 | ₹92,810 | ₹75,940 |
| मुंबई | ₹1,01,090 | ₹92,660 | ₹75,820 |
| कोलकाता | ₹1,01,090 | ₹92,660 | ₹75,820 |
| चेन्नई | ₹1,01,090 | ₹92,660 | ₹76,260 |
| हैदराबाद | ₹1,01,090 | ₹92,660 | ₹75,820 |
| अमरावती | ₹1,01,090 | ₹92,660 | ₹75,820 |
| बेंगलुरु | ₹1,01,090 | ₹92,660 | ₹75,820 |
| अहमदाबाद | ₹1,00,980 | ₹92,710 | ₹75,860 |

**चांदी की भी चमक बरकरार**

१. **सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों मे भी तेजी बनी हुई है।**

२. **दिल्ली, मुंबई, बेगंलुरु, अमरावती : ₹1,12,100 प्रति किलोग्राम**

३. **चेन्नई, हैदराबाद : ₹1,22,100 प्रति किलोग्राम**

४. **भोपाल : ₹1,11,200 प्रति किलोग्राम**

**बाजार विश्लेषण : आगे क्या ?**

१. **भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोने का उपभोक्ता है।**

२. **डॉलर और रुपये की विनिमय दरों मे उतार-चढ़ाव से कीमतों पर असर पड़ता है।**

३. **ग्लोबल तनाव के चलते निवेशक सुरक्षित विकल्प के तौर पर सोने की ओर बढ़ रहे है।**

४. **अगले कुछ सप्ताहों मे कीमते ₹1.02 लाख तक जा सकती है: विशेषज्ञ अनुमान।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.